राजस्थान सरकार
कार्यालय जिला कलक्टर (सहायता) नागौर

क्रमांकः– सहायता/मानसून/बाढ़/2024/698 दिनांकः– 5/8/2024

–:आदेशः–

मौसम विभाग तथा अध्यक्ष महोदय राष्ट्रीय प्रबंधन एवं राजस्थान जयपुर आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग राजस्थान द्वारा क्षेत्र में अत्यधिक बारिश एवं बाढ़ की संभावना को देखते हुए अलर्ट जारी किया है। अलर्ट/चेतावनी के आधार पर नागौर जिले में दिनांक 06.08.2024 को अत्यधिक बारिश एवं बाढ़ की संभावना को देखते हुए नागौर जिले में संचालित कक्षा 01 से 12 तक के समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बाढ़ प्रभाव/संभावित अनहोनी घटना से बचाने एवं विद्यार्थियों के हितार्थ व स्वास्थ्य के मद्देनजर जिले के संचालित विद्यालयों में अवकाश घोषित किया जाना अति–आवश्यक है।

अतः मैं अरूण कुमार पुरोहित, जिला कलक्टर एवं अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नागौर, आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के अध्याय 04 की धारा 30 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नागौर जिले में संचालित कक्षा 01 से 12 तक के समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों हेतु दिनांक 06.08.2024 का अवकाश घोषित करता हूँ।

यह अवकाश केवल विद्यार्थियों के लिये लागू होगा। शेष स्टाफ (शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक) यथावत कार्य करेगा। जिले के समस्त संस्था प्रधानों को निर्देशित किया जाता है कि वे इस आदेश की अक्षरक्षः पालना किया जाना सुनिश्चित करें। यदि कोई भी संस्था प्रधान विद्यालय संचालन करता हुआ पाया जाता है तो उनके विरूद्ध आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 के प्रावधानों के तहत् कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

(अरूण कुमार पुरोहित)
जिला कलक्टर (सहायता)
नागौर

क्रमांकः–सम/2024/699-703 दिनांकः– 5/8/2024

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ व पालनार्थ प्रेषित है।:–

1. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा, नागौर।
2. जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्यालय (मा.शि./प्रा.शि.) एवं समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा, नागौर जिला।
3. पीईईओ, यूसीईईओ.............................. जिला नागौर
4. जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी, नागौर
5. आदेश पत्रावली।

जिला कलक्टर (सहायता)
नागौर

RajKaj Ref
9556554

Document certified by Arun Kumar Purohit <dm-nag-rj@nic.in>.
Digitally Signed by Arun Kumar Purohit
Designation : Collector & District Magistrate
Date :05-08-2024 04:10:40